

**महान बल्लेबाज भी शामिल**

पॉन्टिंग एकादश में इसके अलावा वेस्ट इंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा, ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटर एलिस विलानी और फोएबे लिचफील्ड भी शामिल हैं।

## बारिश का अनुमान, सिडनी के बजाय मेलबर्न में होगा 'बुशफायर चौरिटी मैच'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग के पीड़ितों के सहायतार्थ क्रिकेट मैच अब बारिश के अनुमान के कारण सिडनी की बजाय रविवार को मेलबर्न में खेला जाएगा। 'बुशफायर क्रिकेट बैश' पहले सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर शनिवार को होना था लेकिन अब यह मेलबर्न के जंक्शन ओवल में रविवार को खेला जाएगा। भारत के चौंपियन बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर इसमें रिकी पॉन्टिंग एकादश के कोच हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान टिम पेन दूसरी टीम के कोच होंगे जिसकी कमान पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट के हाथों में होगी। पहले शेन वॉर्न को कप्तानी करनी थी लेकिन कार्यक्रम में बदलाव के कारण वह नहीं खेल सकेंगे। क्रिकेट डॉट काम डॉट एयू के अनुसार, वॉर्न उस तारीख को उपलब्ध नहीं हैं, लिहाजा गिलक्रिस्ट कप्तानी करेंगे। सचिन तेंडुलकर की टीम में शीर्ष क्रम में जस्टिन लैंगर, मैथ्यू हेडन और पॉन्टिंग को जगह मिली है जिन्होंने अपने करियर के दौरान मिलकर ऑस्ट्रेलिया के लिए हजारों रन बनाए।

# राहुल की फॉर्म से पंत ही नहीं धोनी की वापसी पर भी ग्रहण

**क्रिकेट**

## लोकेश के विकेटकीपिंग करने से एक अतिरिक्त खिलाड़ी टीम में खेलता है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कर्नाटक के दिग्गज बल्लेबाज केएल राहुल गजब के फॉर्म में पिछले 10 इंटरनैशनल मैचों में 5 हाफ सेंचुरी लगा चुके हैं। इसमें 4 वनडे और 6 टी–20 इंटरनैशनल शामिल हैं। उनकी फॉर्म और बेहतरीन विकेटकीपिंग को देखते हुए इस बात पर चर्चा होने लगी है कि कप्तान विराट कोहली को इसी कॉम्बिनेशन के साथ चलना चाहिए। इसका सीधा मतलब है कि अगर ऐसा होता है (जो होता दिख रहा है) तो शायद ही ऋषभ पंत या कोई अन्य लिमिटेड ओवरों में दस्ताना थामे नजर आए।



देखा जाए तो केएल राहुल की फॉर्म सिर्फ युवा विकेटकीपर ऋषभ पंत की ही वापसी पर ग्रहण नहीं लगाता, बल्कि पूर्व कप्तान एमएस धोनी के लिए भी कमबैक करना आसान नहीं होगा। बोर्ड जहां धोनी को नैशनल कॉन्ट्रैक्ट से पहले ही बाहर चुका है तो टीम मैनेजमेंट की ओर से धोनी की वापसी पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आती है। अक्सर पूर्व खिलाड़ी यह भी कहते हैं दिखते हैं कि धोनी को अगर वापसी करनी है तो उन्हें जल्दी फैसला करना चाहिए।

**धोनी वर्ल्ड कप के बाद से हैं बाहर:** एमएस धोनी ने अपना आखिरी इंटरनैशनल मैच इंग्लैंड में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप–2019 के सेमीफाइनल में खेला था। इस मैच में भारत को न्यू जीलैंड से हार मिली थी और धोनी उसके बाद अपने बैटिंग क्रम सहित कई बातों को लेकर आलोचकों के निशाने पर आ गए थे।

उम्मीद की जा रही थी कि वह इस महासमर के बाद क्रिकेट को अलविदा कह देंगे, लेकिन पूर्व कप्तान ने ऐसा कोई फैसला नहीं किया। इसके उलट उन्होंने खुद को क्रिकेट से दूर रखने का फैसला किया और समय का इंतजार करने को कहा। हालांकि, धोनी तो धोनी ही हैं, अगर वह खुद को टीम के लिए उपलब्ध बताते हैं तो शायद ही कोई उनकी वापसी पर सवाल उठा सके।

**पंत नहीं भुना पाए धोनी का स्थान**

खैर, धोनी जब बाहर थे तो उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर ऋषभ पंत को टीम में लाया गया। कुछ अहम मौकों पर जब वह असफल रहे तो कोच रवि शास्त्री, कप्तान विराट कोहली और बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली और खुद पंत ने यह कहते हुए बचाव किया कि धोनी जैसा फिनिशर को रातभर में नहीं बन जाता। हालांकि, पंत जब लगातार फ्लॉ रहे और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई वनडे में पंत को हेल्मेट पर गेंद लगी और मैच में केएल राहुल ने विकेटकीपिंग संभाली। यह विराट कोहली के लिए तुरुप का इक्का साबित हुआ। इसके बाद से विराट ने इसे आइडिया के रूप में इस्तेमाल किया और उन्हें मौजूदा टीम में राहुल द्रविड़ जैसी भूमिका अदा करने की बात कही।

# जोफ्रा आर्चर स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण आईपीएल से बाहर, राजस्थान रॉयल्स को झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। इंग्लैंड के शीर्ष तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण गुरुवार को आईपीएल के आगामी सत्र से बाहर हो गए, पूर्व चौंपियन राजस्थान रॉयल्स के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है। इंग्लैंड ऐंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर पुष्टि की कि आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर खेलने वाले आर्चर इंग्लैंड के श्रीलंका के टेस्ट दौरे से भी बाहर हो गए हैं। उनके तीन महीने तक क्रिकेट से दूर रहने की संभावना है। ईसीबी ने कहा, 'आर्चर की दायीं कोहनी में चोट के ब्रिटेन में बुधवार को और स्कैन हुए जिसमें मामूली स्ट्रेस फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है। वह अब



ईसीबी की मेडिकल टीम के साथ रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे जिससे कि जून में वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के साथ शुरू हो रहे अंतरराष्ट्रीय सत्र की तैयारी कर सकें।'

दिसंबर में साउथ अफ्रीका में हुई सीरीज के दौरान आर्चर को दायीं कोहनी में परेशानी हो रही थी जिसके कारण वह दौरे पर बॉक्सिंग डे टेस्ट में ही खेल पाए थे। बारबाडोस में जन्में 24 साल के आर्चर ने 7 टेस्ट और 14 वनडे इंटरनैशनल मैचों में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करते हुए क्रमशरू 30 ओर 23 विकेट चटकाए। आर्चर ने आईपीएल में अब तक कुल 21 मैच खेले हैं जिनमें कुल 26 विकेट लिए। वह पिछले सीजन में राजस्थान के लिए खेले और 11 मैचों में उन्होंने 11 विकेट लिए। आर्चर के बाहर होने से राजस्थान टीम को अगले महीने शुरू हो रहे आईपीएल से पहले झटका लगा है। आईपीएल में आर्चर ने 21 मैचों में 23.69 की औसत से 26 विकेट चटकाए हैं। इस तेज गेंदबाज ने 2018 में अपने पहले सत्र में 10 मैचों में 21.66 के औसत से 15 विकेट चटकाए थे जबकि इससे अगले सत्र में उन्होंने 26.45 के औसत से 11 विकेट हासिल किए।

## हेनरी निकोल्स बोले, टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज की हार का असर वनडे यूनिट पर नहीं दिखा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ऑकलैंड। न्यू जीलैंड के बल्लेबाज हेनरी निकोल्स ने गुरुवार को कहा कि वनडे टीम पर उस टी20 इकाई का बोझ नहीं दिखा जिसे भारत से 0–5 से पराजय का सामना करना पड़ा था और जो 50 ओवर के क्रिकेट में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने में भी दिखाई दिया। रॉस टेलर के 21वें शतक की मदद से मेजबानों ने बुधवार को वनडे में अपने सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया और तीन मैचों की सीरीज में 1–0 से बढ़त ले ली। दूसरा वनडे शनिवार को ऑकलैंड में खेला जाएगा। निकोल्स ने गुरुवार को ऑकलैंड में कहा, 'हमें ऐसा महसूस नहीं हुआ। इसलिए, मुझे कोई दबाव महसूस नहीं हो रहा था और कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है। यह छोटा मैदान था और लक्ष्य बड़ा था। इसलिए अच्छा रहा कि हम ऐसा करने में सफल रहे।' उन्होंने कहा, 'यह शानदार रहा, हमने वनडे क्रिकेट में अपने सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया और अच्छा है, हम इसमें योगदान करने में सफल रहे। घरेलू मैदान पर ऐसा दोबारा करना बेहतरीन अहसास था।'

## न्यूज डायरी



### हरभजन ने श्रीसंत को बर्थडे पर दीं विशेज, 2008 में आईपीएल के दौरान हुआ था स्लैपगेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिग्गज ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने तेज गेंदबाज एस. श्रीसंत को उनके 37वें बर्थडे पर गुरुवार को शुभकामनाएं दीं जिससे यह एक बार फिर साफ हो गया कि दोनों ही क्रिकेटर आईपीएल के दौरान स्लैपगेट विवाद को पूरी तरह भुला चुके हैं। हरभजन सिंह ने ट्विटर पर श्रीसंत को टैग करते हुए लिखा, हैपी बर्थडे शेंता, आपका साल अच्छा रहे। श्रीसंत ने इसे रीट्वीट भी किया। उन्होंने साथ ही लिखा, भज्जी पा, बहुत शुक्रिया। प्यार और सम्मान हमेशा, आपके परिवार के लिए बहुत सारा प्यार, ख्याल रखिए और धमाल मचाते रहिए।

अप्रैल 2008 में सिंह और श्रीसंत उस समय खबरों में आए थे जब इस स्पिनर ने मुंबई इंडियंस और किंग्स इलेवन पंजाब के बीच आईपीएल मुकाबले के दौरान उन्हें बीच मैदान थप्पड़ जड़ दिया था। हालांकि दोनों ने बाद में कहा था कि इस विवाद को पूरी तरह भुला चुके हैं।

### बेल्जियम हॉकी टीम के कप्तान ब्रिएल्स बोले, भारत को हल्के में नहीं ले रहे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** भुवनेश्वर। ऑस्ट्रेलिया और न्यू जीलैंड को हराकर आत्मविश्वास से ओतप्रोत वर्ल्ड चौंपियन बेल्जियम टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग के आगामी दौर के मैच में भारत को हल्के में नहीं ले रही और कप्तान थॉमस ब्रिएल्स का कहना है कि मेजबान से उन्हें कड़ी चुनौती मिल सकती है। ब्रिएल्स ने कहा कि बेल्जियम को बखूबी पता है कि भारत को हराना आसान नहीं होगा। बेल्जियम 11 अंक लेकर शीर्ष पर है जिसने ऑस्ट्रेलिया और न्यू जीलैंड को हराया। वहीं, भारत ने पहले मैच में नीदरलैंड को मात दी। भारत दो मैचों में पांच अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। ब्रिएल्स ने कहा, 'भारतीय टीम ने पहले दो मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। हमें कड़ी चुनौती मिलने का अनुमान है। हम इस कड़ी चुनौती का सामना करने को बेताब हैं ताकि ओलिंपिक की तैयारी पुख्ता कर सकें।'

### दीक्षा डागर ने एक अंडर 71 के कार्ड से की शुरूआत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** आस्ट्रेलिया। भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर ने गुरूवार को यहां आईएसपीएस हांडा विक ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से 61वें स्थान पर बनी हुई हैं। दीक्षा ने चार बर्डी जमायी। 19 साल की इस गोल्फर ने 10वें होल से शुरूआत की और फिर 11वें पार–5 में बर्डी जमायी। हालांकि 12वें पार–3 होल में डबल बोगी कर बैठीं। उन्होंने 18वें होल में वापसी कर स्कोर इवन पार किया। बैक नाइन में पहले में बोगी के बाद वह दूसरे और पांचवें में बर्डी से अंडर पार स्कोर बनाने में सफल रहीं। स्वीडन की मैडेलिन सागस्ट्रोम और कोरिया की हाएजी कांग संयुक्त रूप से बढ़त बनाये हैं। पुरूषों की प्रतियोगिता भी साथ ही चल रही है जिसमें एलेजांद्रो कानीजारेस ने 63 के शानदार कार्ड से दो स्ट्रोक्स की बढ़त बना रखी है। आईएसपीएस हांडा विक ओपन में पुरूष और महिला टूर्नामेंट 13 बीच गोल्फ लिंक्स पर एक ही गोल्फ कोर्स में साथ खेला जाता है जिसमें दोनों की पुरस्कार राशि भी बराबर होती है।

### करॉना से डर नहीं, निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे तोक्यो ओलिंपिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। खतरनाक करॉना वायरस को लेकर किसी तरह की दहशत की खबरों का खंडन करते हुए तोक्यो ओलिंपिक–2020 के आयोजकों ने गुरुवार को कहा कि खेल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) तोशिरो मुटो ने कहा कि आयोजकों ने इस बीमारी से निपटने के लिए कार्यबल बनाया है।

मूल रूप से चीन में फैली इस बीमारी से अब तक 560 लोगों की मौत हो चुकी है और 28 हजार से अधिक संक्रमित हैं। मुटो ने कहा, 'ओलिंपिक तय कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे।' उन्होंने कहा, 'हमें संयमित रहने की जरूरत है। किसी तरह की दहशत पैदा करने से बचना होगा। ओलिंपिक को इससे कोई खतरा नहीं है। वायरस से ज्यादा तेजी से डर फैल रहा है।